बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संचिका संख्या** – 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05 / 2021.1364. **पटना, दिनांक** :9/6/2022

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 06–।। दिनांक 04.01.2022 द्वारा श्री राजदेव प्रसाद, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN02964) के विरूद्ध कार्यो में लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना एवं महिला कर्मियों के साथ अमर्यादित व्यवहार का आरोप लगाते हुए इनका संविदा अनुबंध रद्द करने की अनुशंसा की गयी है।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 605 दिनांक 12.03.2022 द्वारा श्री प्रसाद पर लगाए गए आरोप के संबंध में 03 (तीन) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। श्री प्रसाद द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि तक समर्पित न कर दिनांक 21.03.2022 को समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि जिन बिन्दुओं के आधार पर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है उसके अनुरूप स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया है। श्री प्रसाद द्वारा अपने ऊपर लगाए गए आरोप के विरूद्ध न कोई ठोस तथ्य उपलब्ध कराया गया और न ही इनके द्वारा निर्धारित अवधि तक अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। इस तरह का कृत्य इनके ऊपर लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करता है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है। इस तरह के कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए इनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है।

अतएव उक्त के आलोक में **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** में वर्णित प्रावधान के तहत श्री राजदेव प्रसाद, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN02964) का संविदा अनुबंध रद्द किया जाता है।

(जय सिंह) 9/6/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05 / 2021..1364... **पटना, दिनांक** :–9/6/2022

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 06–।। दिनांक 04.01.2022 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 9/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05 / 2021..1364... **पटना, दिनांक** :–9/6/2022

**प्रतिलिपि** :– श्री राजदेव प्रसाद, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN02964) ई–मेल आई0डी0 – asr58012@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 9/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05 / 2021.1364... **पटना, दिनांक** :–9/6/2022

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमार, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 9/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप